

भाजन



ईशान किशन

ने तोड़ा सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड

गौरवशाली परंपरा का 207 वर्ष

ऐश्वर्या राय

तीन दशक से सिनेमा की दुनिया में काबिज

पटना, सोमवार, २ नवम्बर, २०२६ सौर १४ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

पीएम मोदी ने छह राज्यों के स्थापना दिवस पर दी बधाई



नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के लोगों को उनके राज्यों के स्थापना दिवस पर बधाई दी और वहां के सभी निवासियों के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। पीएम मोदी ने यह भी उम्मीद जताई कि आने वाले साल इन छह राज्यों के लोगों के लिए नए अवसर, अधिक समृद्धि और निरंतर प्रगति लेकर आएंगे।

उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर वहां के मेरे सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई। यह राज्य

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सीएम ने किया दो दिवसीय पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद-2.0 का शुभारंभ

टैक्स देने वाले लोग छोड़ें बिजली का लाभ

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : सम्राट

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री ने सक्षम, संपन्न और आयकर देने वाले लोगों से अपील की कि वे स्वेच्छा से 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ छोड़कर बिहार के विकास में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना संचालित की जा रही है। इसके माध्यम से मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चार लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना पर प्रतिवर्ष लगभग 18000 करोड रुपये खर्च किए जाते हैं। बिहार में विश्वविद्यालय खोलने के लिए भी लोगों को आमंत्रित किया गया है।



राज्य में ओपन यूनिवर्सिटी की स्थापना को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 534 प्रखंडों में 700 मॉडल स्कूल सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में स्थापित किए गए हैं, जहां लगभग 3.5 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों को %विद्यार्थी साथी ऐप% की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान किसी विषय में शिक्षक की आवश्यकता होने पर रात एक बजे भी एक मिनट के अंदर शिक्षक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

100 फ्रेस कैच योजना खोलने की योजना

पटना (आससे)। बिहार में अब सुधा बूथ की तर्ज पर लोगों को ताजी और गुणवत्तापूर्ण मछलियां उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इसके तहत राज्य में फ्रेश कैच कियोस्क स्थापित किए जा रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री, श्री सम्राट चौधरी ने रविवार को डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग अंतर्गत मीठापुर स्थित मत्स्य विकास भवन परिसर में नवनिर्मित फ्रेश कैच कियोस्क के पहले आउटलेट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विभाग के मंत्री नंदकिशोर राम, मुख्य सचिव, प्रत्यय अमृत, विभाग

(शेष पृष्ठ ९ पर)

राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' से सिर्फ नफरत : शाह

चंडीगढ़ (एजेंसी)। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया ब्लॉक की रैली में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव समेत इंडिया ब्लॉक के बड़े नेता शामिल हुए. वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी पर रैली करने के लिए इंडिया ब्लॉक की आलोचना की और कहा कि जिस दिन सिखों का नरसंहार हुआ था, उसी दिन उन्हें रैली आयोजित करनी थी. सिख विरोधी दंगों को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में राहुल गांधी का 'जलसा' सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है.केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे काले दिवस पर रैली आयोजित करने के लिए राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' से नफरत के अलावा कुछ नहीं निकला. शाह ने कहा कि अगर आप प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं तो पूरी जिंदगी प्रतीकात्मक संसद में ही बैठे रहिए. आपका नंबर कभी नहीं आएगा.



शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ बोलना, अराजकता फैलाना और संसद को काम नहीं करने देना, यही आपकी फितरत है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक नवंबर, 1984 को सिख विरोधी दंगों के दौरान दिल्ली में हजारों सिखों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. हजारों सिखों को जिंदा जला दिया गया. कई सिखों को अपने घर छोड़ने पड़े, कई बच्चे अनाथ हो गए, कई बहनें विधवा हो गईं और अनेक लोगों के घर जला दिए गए. तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बयान दिया था. मैंने यह बयान टीवी पर देखा था और उसे जीवनभर नहीं भूल सकता.

वोट बचाओ, देश बचाओ का संदेश लोगों तक पहुंचा : राहुल



नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली शुरू हो चुकी है। मिंटो रोड से होते हुए विपक्ष के बड़े नेता और कार्यकर्ता रामलीला मैदान तक मार्च करते हुए पहुंचे। महारैली के मंच पर सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव समेत विपक्ष के सभी बड़े नेता मौजूद हैं।

विपक्ष की महारैली

सीजेपी की नेहा बोरा अभी मंच से संबोधन कर के हटी हैं। विपक्ष की ओर से रैली में मांग उठाई गई मुख्य मांग हैं- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा या पद से हटाया जाना। एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक। चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर की वापसी। मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव, फारुख अब्दुल्ला, ममता बनर्जी, महबूबा मुफ्ती के बाद राहुल गांधी ने मंच संभाला। उन्होंने पीएम मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार पर जमकर निशाना साधा। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह किसी से नफरत नहीं करते, लेकिन यह लोग

तेजस्वी बोले- बिहार, बंगाल के चुनाव फर्जी

देश के संविधान, देश की आत्मा पर हमला कर रहे हैं। वह ऐसा नहीं होने देंगे।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने इंडिया गठबंधन की मेगा रैली पर कहा कि यह एक ऐतिहासिक रैली थी। लाखों लोग दिल्ली में आकर अपने देश के लोकतंत्र को बचाने की मुहिम में जुट चुके हैं। बदलाव होना तय है। ज्ञानेश कुमार को जाना होगा... नौजवान समझते हैं कि हमारा संविधान खतरे में है... पूरा देश एकजुट है।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

भागलपुर में नितिन नवीन आज निकालेंगे पदयात्रा


भागलपुर (आससे)। सिल्क सिटी भागलपुर में कल यानी 2 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। नितिन नवीन भागलपुर के लाजपत पार्क मैदान से लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा की शुरुआत करेंगे।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

देश में अराजकता फैलाने की साजिश : नड्डा

कहा- झूठ फैलाकर देश को अस्थिर करना ही राहुल की राजनीति

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में आज जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों का एक बेवकूफी भरा और सुनियोजित नाटक है, जिन्हें जनता चुनावों में हरा चुकी है और बार-बार खारिज कर चुकी है। जनता इस सच्चाई को अच्छी तरह समझती है।



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, मैं आज देश को

(शेष पृष्ठ ९ पर)

डालमियानगर में कार से 66.50 लाख बरामद, दो महिला समेत तीन गिरफ्तार

डालमियानगर (रोहतास) (आससे)। एनएच-19 पर शिवसागर टोल प्लाजा के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 66 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। वाराणसी से कोलकाता जा रही काले रंग की एक्सयूवी-300 कार से मिली इस नकदी के साथ दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार और दो मोबाइल भी जब्त किए हैं।

बरामद रकम के वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर आयकर विभाग को सूचना दी गई है।

प्रेस वार्ता में डीएसपी-1 विप्लव कुमार ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात शिवसागर थानाध्यक्ष रितेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वाराणसी की ओर से आ रही एक कार में भारी मात्रा में नकदी रखी गई है, जिसे लेकर कोलकाता जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए दंडाधिकारी की मौजूदगी में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने एनएच-19 स्थित शिवसागर टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच शुरू की।

इसी दौरान रात करीब 9ः05 बजे संदिग्ध एक्सयूवी-300 कार पहुंची।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :- www.ajhindidaily.com

For e-Paper www.ajhindidaily.com

नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

भारत ने दबाव को नकारा, रूस और खाड़ी देशों से भी खरीदा कच्चा तेल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत का कच्चे तेल का आयात अक्तूबर में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। ऊर्जा क्षेत्र की खुफिया जानकारी देने वाली कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान देश ने प्रतिदिन करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल आयात किया। भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने मध्य पूर्व और रूस से खरीद बढ़ाई।

केप्लर के प्रमुख विश्लेषक निखिल दुबे ने एक पोस्ट में बताया कि अक्तूबर में मध्य पूर्व से प्रतिदिन करीब 23 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति हुई, जबकि रूस से आयात लगभग 20 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। जहाज से जहाज के बीच तेल स्थानांतरित करने की बढ़ती गतिविधियों से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ज्यादा कच्चा तेल पहुंचाने में मदद मिली। इससे सितंबर और अक्तूबर में खाड़ी देशों से आपूर्ति में सुधार हुआ और भारतीय रिफाइनरियों को तेल खरीदने के लिए अधिक विकल्प मिले।

दुबे के मुताबिक, नवंबर और दिसंबर में रूस से तेल की आपूर्ति कुछ कम हो सकती है। काला सागर में हमलों के कारण माल ढुलाई की दरें बढ़ रही हैं, जिससे कुल लागत के लिहाज से रूसी तेल कम आकर्षक हो सकता है। वहीं, खाड़ी देशों के आपूर्तिकर्ता भारत में अपनी बाजार हिस्सेदारी दोबारा बढ़ाने के

(शेष पृष्ठ ९ पर)